आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 110 | उज्जैन, बुधवार 12 मार्च 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# प्रदेश की 4 ऐतिहासिक धरोहरों का यूनेस्को की टेंटेटिव लिस्ट में शामिल होना हर्ष और गौरव का विषय-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की समृद्ध ऐतिहासिक धरोहरों को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। प्रदेश के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि यूनेस्को ने प्रदेश की चार ऐतिहासिक धरोहरों को सीरियल नॉमिनेशन के तहत टेंटेटिव लिस्ट में शामिल किया है। सम्राट अशोक के शिलालेख, चौसठ योगिनी मंदिर, गुप्तकालीन मंदिर और बुंदेला शासकों के महल और किलों को यूनेस्को की टेंटेटिव लिस्ट में घोषित होना प्रमाणित करता है कि मध्यप्रदेश अपनी सांस्कृतिक



विरासत और ऐतिहासिक महत्व के कारण देश में विशेष स्थान रखता है। गत वर्ष भी यूनेस्को ने प्रदेश की 6 धरोहरों, ग्वालियर किला, बुरहानपुर का खुनी भंडारा, चंबल घाटी के शैल कला स्थल, भोजपुर का भोजेश्वर महादेव मंदिर, मंडला स्थित रामनगर के गोंड स्मारक और धमनार का ऐतिहासिक समूह को टेंटेटिव लिस्ट में शामिल किया था। मध्यप्रदेश में अब यूनेस्को द्वारा घोषित 18 धरोहरों है। जिसमें से 3 स्थाई और 15 टेंटेटिव सूची में है। यूनेस्को की विश्व धरोहर की सूची में प्रदेश के खजुराहो के मंदिर समूह, भीमबेटका की गुफाएं एवं सांची स्तूप यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल स्थायी सूची में शामिल है। वहीं यूनेस्को की टेंटेटिव सूची में मांडू में स्मारकों का समूह, ओरछा का ऐतिहासिक समूह, नर्मदा घाटी में भेड़ाघाट-लमेटाघाट, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और चंदेरी भी शामिल है। यह उपलब्धि हमारी धरोहरों के संरक्षण तथा संवर्धन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिये एमपी टूरिज्म बोर्ड, संस्कृति विभाग, पुरातत्वविदों, इतिहास प्रेमियो, संस्थाओं और प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी है जिन्होंने ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने में अमूल्य योगदान दिया हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि मध्यप्रदेश को विश्व पर्यटन मानचित्र पर नई ऊंचाइयाँ देगी, साथ ही हमारे गौरवशाली अतीत को नई पहचान दिलाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से आव्हान किया कि हम सब मिलकर अपनी धरोहरों के संरक्षण के लिए संकल्पबद्ध रहें और मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक गरिमा को और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचाएं।

## रेलवे सुरक्षा पर हर साल खर्च हो रहे 1.14 लाख करोड़, अश्विनी वैष्णव बोले- दुर्घटनाओं पर राजनीति न करे विपक्ष



नई दिल्ली (एजेंसी)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि सरकार रेलवे में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। रेलवे सुरक्षा पर प्रतिवर्ष 1.14 लाख करोड़ रुपये खर्च कर रहा है।

राज्य सभा में रेलवे संशोधन विधेयक 2024 पर चर्चा का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि वार्षिक रेल दुर्घटना दर 171 घटनाओं से घटकर 30 हो गई है। रेलवे संशोधन विधेयक 2024 को राज्यसभा में ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई। यह विधेयक पिछले साल 11 दिसंबर को लोकसभा में पारित किया गया था। रेलवे संशोधन विधेयक, 2024 में रेलवे बोर्ड की स्वतंत्रता को बढ़ाने और कामकाज बेहतर करने का प्रविधान है।

रेल मंत्री ने कहा, संप्रग सरकार में सुरक्षा बढ़ाने के लिए निवेश आठ हजार से 10 हजार करोड़ रुपये के बीच हुआ करता था। आज हम सुरक्षा बढ़ाने पर हर साल 1.14 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पटरियों, सुरक्षा उपकरणों और लेवल क्रासिंग को बेहतर बनाने के लिए कदम उठाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि संप्रग के कार्यकाल में 4.11 लाख नौकरियां दी गईं, राजग सरकार में 5.02 लाख नौकरियां दी गई हैं।

## पूरी शिक्षा प्रणाली का भगवाकरण करना चाहती है सरकार, भाषा विवाद में कांग्रेस का डीएमके को समर्थन




नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद के सुरेश ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि सरकार राज्य सरकारों और शिक्षाविदों से सलाह किए बिना इस नीति को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का असली इरादा पूरी शिक्षा प्रणाली का भगवाकरण करना है।

एएनआई से बात करते हुए के सुरेश ने कहा, शिक्षा नीति में बदलाव एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है। राज्य सरकारों और शिक्षाविदों से सलाह किए बिना, वे (केंद्र सरकार) एक नई शिक्षा नीति लेकर आए। वे पूरी शिक्षा प्रणाली का भगवाकरण करना चाहते हैं। तमिलनाडु हमेशा से तीन-भाषा नीति के खिलाफ रहा है, लेकिन उनकी सहमति के बिना, केंद्र सरकार ने यह फैसला लिया।

कांग्रेस ने डीएमके का किया समर्थन- के सुरेश ने एनईपी के कार्यान्वयन के खिलाफ लड़ाई में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) को भी समर्थन दिया और कहा, तमिलनाडु के हमारे पार्टी सदस्य भी डीएमके का समर्थन करते हैं। डीएमके राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) का विरोध कर रही है।

## खोजी कुत्तों के बाद सुरंग के अंदर भेजे गए रोबोट, 16 दिन से फंसे हैं कई मजदूर; अब तक क्या हुआ?



तेलंगाना के नागरकुरनूल में आंशिक रूप से ध्वस्त SLBC सुरंग में फंसे सात लोगों का पता लगाने के लिए अभियान जारी है। अब इस अभियान में रोबोट भी शामिल हो गए हैं। हैदराबाद स्थित रोबोटिक्स कंपनी की टीम रोबोट के साथ मंगलवार सुबह सुरंग के अंदर गई।110 बचावकर्मी भी सुरंग में गए।


तेलंगाना सरकार ने बचावकर्मियों को किसी भी तरह के खतरे से बचाने के लिए रोबोट तैनात करने का फैसला किया है, क्योंकि सुरंग के अंदर पानी और कीचड़ जैसी स्थितियों से परेशानी का सामना करना पड़ा है।

ऑपरेशन के लिए 4 करोड़ खर्च करेगी सरकार - राज्य के सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी ने 8 मार्च को कहा कि सरकार रोबोट विशेषज्ञों की सेवाओं का इस्तेमाल करके ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए चार करोड़ रुपये खर्च करेगी। एन उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा था कि विशाल टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) के टुकड़े पानी में डूब गए, सुरंग के अंदर मिट्टी और पत्थरों के कारण बचाव दल के लिए खतरा पैदा हो गया।

सुरंग के अंदर रोबोट का इस्तेमाल- 2 मार्च को सुरंग का दौरा करने वाले मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने बचाव कर्मियों को किसी भी खतरे से बचाने के लिए ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहे अधिकारियों को सुझाव दिया कि यदि आवश्यक हो तो सुरंग के अंदर रोबोट का इस्तेमाल करें।

कैडवर डॉग स्क्वाड, रोबोट, बचाव अभियान में जुटी सेना की टीम- एनडीआरएफ, सरकारी खनन कंपनी सिंगरेनी कोलियरीज, रैट माइनर्स और अन्य की टीमें कैडेवर डॉग्स और रडार सर्वे द्वारा बताए गए विशिष्ट स्थानों पर काम कर रही हैं ताकि सात लोगों का पता लगाया जा सके।

## अदालती कार्यवाही के क्लिप अपलोड करना पड़ेगा महंगा



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई ने कानूनी कार्यवाही की संपादित क्लिप्स को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका को अदालतों की लाइव स्ट्रीमिंग के लिए दिशानिर्देश बनाने पड़ सकते है। न्यायपालिका के भीतर प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल विषय पर केन्या में एक कार्यक्रम के दौरान जस्टिस गवई ने कहा कि अदालती कार्यवाही के क्लिप्स को संदर्भ से बाहर संपादित कर इंटरनेट मीडिया पर साझा किया जाता है, जिससे कार्यवाही सनसनीखेज बन जाती है।

कई क्रिएटर अपलोड कर रहे वीडियो- उन्होंने कहा कि इस प्रकार की क्लिप्स से गलत सूचना, न्यायिक चर्चाओं की गलत व्याख्या और गलत रिपोर्टिंग हो सकती है। उन्होंने कहा कि यूट्यूबर्स सहित कई कंटेंट क्रिएटर ने सुनवाई के छोटे अंशों को अपने कंटेंट के रूप में पुनः अपलोड किया, जिससे बौद्धिक संपदा अधिकारों और न्यायिक रिकॉर्डिंग के स्वामित्व पर चिंताएं पैदा हुईं। जस्टिस गवई ने कहा कि ऐसी चुनौतियों का प्रबंधन न्यायपालिका के लिए एक उभरता हुआ मुद्दा है और अदालतों को लाइव-स्ट्रीम की गई कार्यवाही के उपयोग पर दिशानिर्देश तय करने पड़ सकते हैं। न्यायाधीश ने कहा कि यद्यपि प्रौद्योगिकी की वजह से न्यायिक कार्यवाहियों तक पहुंच में उल्लेखनीय सुधार हुआ है लेकिन इसने कई नैतिक चिंताओं को भी जन्म दिया है।

## कैदियों के पास मुचलका भरने के पैसे नहीं, संसद में पेश रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे



नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद की एक समिति ने यह पाया है कि देशभर की जेलों में बंद 70 प्रतिशत कैदी विचाराधीन हैं और मुचलका नहीं भरने या जुर्माना राशि अदा न कर पाने के कारण उन्हें रिहा नहीं किया जा रहा है। गृह मामलों पर संसद की स्थायी समिति की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ड्रग्स का पता लगाने के लिए जेलों के प्रत्येक प्रवेश द्वार पर निगरानी प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाना चाहिए। राज्यसभा में प्रस्तुत की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि जेल प्रशासन ऐसे कैदियों को जेलों में रखने पर, उनकी रिहाई के लिए आवश्यक जमानत राशि से कहीं अधिक धन खर्च कर रहा है।

## राजा के सोभे ला माथे माउरिया... क्या है गीत गवाई? मॉरीशस में जब PM मोदी के सामने महिलाएं छेड़ने लगीं तान



नई दिल्ली (एजेंसी)। 'राजा के सोभे ला माथे माउरिया, कृष्णा के सोभे ला हाथे बंसूरिया, अहो राजा नाचेला नाचेला कृष्णा बजावे बंसूरियाज' जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मॉरीशस पहुंचे, तो वहां की भारतीय प्रवासी महिलाओं ने इन्हीं शब्दों के साथ पारंपरिक गीत गवाई से उनका स्वागत किया। मॉरीशस की धरती पर जब पारंपरिक भोजपुरिया धुनों की गूंज उठी, तो माहौल और भी खास हो गया। ये गीत सिर्फ स्वागत भर नहीं था, बल्कि भारत और मॉरीशस के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक रिश्ते की भी झलक थी। आइए इस गीत गवाई के बारे में जानते हैं... गीत गवाई पारंपरिक भोजपुरी संगीत का एक खास अंदाज है, जो विशेषकर शादी-विवाह और उत्सवों में गाया जाता है। इस परंपरा को भारतीय प्रवासी महिलाओं ने मॉरीशस तक पहुंचाया और आज यह वहां की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। संयुक्त राष्ट्र की सांस्कृतिक संस्था यूनेस्को ने भी गीत गवाई को 2016 में अपनी अमूर्त सांस्कृतिक धरोहरों की सूची में शामिल किया था। इस पारंपरिक संगीत को खासतौर पर महिलाएं निभाती हैं और इसे पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाया जाता है। गीत गवाई आमतौर पर शादी के पहले दूल्हा-दुल्हन के घर में गाया जाता है। महिलाएं एकत्रित होकर हल्दी, चावल, दूब और पैसे जैसे शुभ प्रतीकों को एक कपड़े में बांधती हैं और फिर देवी-देवताओं की स्तुति करती हैं। इसके बाद पूरे जोश और उल्लास के साथ पारंपरिक गीत गाए जाते हैं, जिसमें नृत्य भी शामिल होता है। गौरतलब है कि पीएम मोदी दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस पहुंचे हैं। वहां एयरपोर्ट पर उनका स्वागत मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने किया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, ÷मॉरीशस में भारतीय समुदाय द्वारा मिला गर्मजोशी भरा स्वागत दिल को छू लेने वाला है। उनका भारतीय संस्कृति से गहरा लगाव प्रेरणादायक है।÷ इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी मॉरीशस के राष्ट्रपति धर्म गोखूल और प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात की।

# BLA की इन ब्रिगेड ने ट्रेन में सैकड़ों यात्रियों को बनाया बंधक, पीछे हटी पाकिस्तानी सेना; इस्लामाबाद तक खलबली



नई दिल्ली (एजेंसी)। बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान में बड़ा हमला किया है। बीएलए ने क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन में 100 से अधिक यात्रियों को बंधक बनाया है। बताया जा रहा है कि ट्रेन के 9 कोच में 450 से अधिक यात्री सवार हैं।

क्वेटा से करीब 125 किमी दूर बोलन स्टेशन के नजदीक ट्रेन खड़ी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुठभेड़ में पाकिस्तान सेना के छह जवानों के मारे जाने की खबर है। वहीं ट्रेन पर आतंकियों की गोलीबारी से लोको पायलट घायल हो गया है।

पेशावर जा रही थी ट्रेन- पाकिस्तान के पुलिस और रेलवे अधिकारियों के मुताबिक ट्रेन बलूचिस्तान के क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी। बलूच लिबरेशन आर्मी ने हमले की जिम्मेदारी ली। आतंकी संगठन ने कहा कि ट्रेन में मौजूद सुरक्षा बलों समेत लोगों को बंधक बना लिया गया है।

पाकिस्तान सेना को खुली धमकी- बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान सेना को खुली धमकी दी है। संगठन ने कहा कि अगर सेना ने ऑपरेशन शुरू किया तो बंधकों को मार दिया जाएगा। बीएलए ने अल्टीमेटम दिया है कि अगर हवाई हमलों को नहीं रोका गया तो भी सभी को मार देंगे। इस बीच सोशल मीडिया पर बीएलए ने एक बयान जारी किया। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तानी सेना को खदेड़ दिया गया है। हवाई हमले जारी हैं।

पीछे हटी पाकिस्तानी सेना- बीएलए के भीषण हमले के बाद पाकिस्तानी सेना को पीछे हटने के बाद मजबूर होना पड़ा है। मगर अब पाकिस्तान की सेना हेलीकॉप्टर और ड्रोन से हमलों को अंजाम दे रही है। बीएलए ने पाकिस्तान सेना को अंतिम चेतावनी जारी की है। इसमें कहा गया है कि अगर हवाई बमबारी को सेना ने तुरंत नहीं रोका तो अगले एक घंटे में सभी 100 से अधिक बंधकों को मार दिया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक बंधकों में बड़ी संख्या में पाकिस्तानी सैनिक भी शामिल हैं। बीएलए के मजीद ब्रिगेड, एसटीओएस, फतेह स्क्वाड और जिराब यूनिट के लड़ाके पाकिस्तान सेना से निपटने में जुटे हैं।

# बांग्लादेश में नहीं थम रहा यूनुस सरकार के खिलाफ प्रदर्शन, सड़कों पर उतरीं हजारों महिलाएं; क्या है मामला?

नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश में महिलाओं के खिलाफ लगातार हिंसा बढ़ रही है। बांग्लादेश के कई जिलों में बच्चियों के साथ बलात्कार के रोज नए मामले सामने आ रहे हैं। महिलाओं के खिलाफ बढ़ रहे अपराध के विरोध में बांग्लादेश में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा है।

दरअसल, बांग्लादेश में यूनुस सरकार के खिलाफ महिलाएं सड़कों पर हैं। बांग्लादेश में लैंगिक हिंसा के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच, छह और बच्चों के



साथ बलात्कार की घटनाएं सामने आई हैं। इस बात की जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी है। छह जिलों में बलात्कार के आरोप में सोमवार को कम से कम सात लोगों को गिरफ्तार किया गया।

बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ रहीं- प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन बच्चों का यौन उत्पीड़न किया गया, वे सभी छह से चौदह वर्ष की आयु के हैं। समाचार एजेंसी पीटीआई ने प्रमुख बांग्लादेशी समाचार पत्र द डेली स्टार की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि यौन उत्पीड़न की शिकार एक किशोरी ने स्थानीय मध्यस्थता बैठक के दौरान झूठा आरोप लगाए जाने और बदनाम किए जाने के बाद आत्महत्या कर ली।

बांग्लादेश में बिगड़ रही कानून व्यवस्था

पड़ोसी मुल्क में महिलाओं के खिलाफ बढ़ रही घटनाओं के विरोध में लोग सड़कों पर उतर आए हैं। महिलाओं के खिलाफ हिंसा की बढ़ती घटनाओं के खिलाफ देश के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। देश भर में चल रहे प्रदर्शन के बीच फिर से बच्चियों के साथ हुए अपराध की घटनाओं ने बांग्लादेश में कानून और व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को उजागर किया है।

## अमेरिकी खुफिया विभाग की प्रमुख तुलसी गबार्ड आएंगी भारत



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका की नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर तुलसी गबार्ड इंडो-पैसिफिक दौरे पर रवाना हुई हैं। इस दौरान वो भारत का भी दौरा करने वाली हैं। सोमवार को उन्होंने बताया कि वो जापान, थाईलैंड और भारत का दौरा करने वाली हैं।

फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका का दौरा किया था। पीएम मोदी ने अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत कई नेताओं से मुलाकात की थी। इस दौरान पीएम मोदी की मुलाकात तुलसी गबार्ड से भी हुई थी। अब पीएम मोदी के अमेरिकी दौरे के बाद तुलसी भारत आने वाली हैं।

तुलसी गबार्ड ने अपने दौरे की शुरुआत प्रशांत महासागर में मौजूद अमेरिकी द्वीप हवाई की राजधानी होनोलुलू से की। यहां उनकी मुलाकात इंटेलिजेंस कम्युनिटी के लोगों, इंडो-पैसिफिक कमांड के लीडर्स और ट्रेनिंग ले रहे सैनिकों से होगी। 43 वर्षीय तुलसी गबार्ड इराक युद्ध की दिग्गज हैं। अफ्रीका और मध्य पूर्व के युद्ध क्षेत्रों में उनकी तीन बार तैनाती हुई है और उन्होंने अपनी सेवाएं दी हैं। तुलसी गबार्ड पहले एक डेमोक्रेट थीं, लेकिन अक्टूबर 2022 में उन्होंने पार्टी छोड़ दी और 2024 में रिपब्लिकन पार्टी में शामिल हो गईं।

## उधर युद्ध विराम की चर्चा, इधर रूस ने यूक्रेन पर कर दिया बड़ा हमला, रातभर दहशत में रहा कीव



नई दिल्ली (एजेंसी)। रूस और यूक्रेन के बीच अभी भी तनाव जारी है। इस बीच यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि रूस ने कीव पर रातभर हवाई हमले किए, साथ ही यूक्रेन का एयर डिफेंस सिस्टम हमले का जवाब देने में लगा रहा।

रॉयटर्स ने मेयर विटाली क्लिट्स्को के टेलीग्राम संदेश का हवाला देते हुए कहा, वायु रक्षा बल कीव के खतरे को खत्म करने के लिए काम कर रहे हैं। वहीं यूक्रेन ने रूस पर जवाबी हमले किए, मास्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने बताया कि मंगलवार सुबह एक बड़े हमले में रूसी राजधानी को निशाना बना रहे कम से कम 60 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया गया।

यूक्रेन ने रूस पर गिराए ड्रोन- उन्होंने यह नहीं बताया कि अन्य ड्रोन कहां मार गिराए गए, उन्होंने केवल इतना बताया कि वे मॉस्को की ओर उड़ रहे थे। मॉस्को के दो हवाई अड्डों से उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हालांकि इन हमलों में अभी तक किसी के मार जाने के खबर सामने नहीं आई है।

## तो ट्रंप झूठ बोल रहे थे? टैरिफ को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति के दावे को भारत ने नकारा, कहा–ऐसा कोई वादा नहीं किया



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 4 अप्रैल से भारत सहित कई देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की बात कही है। हाल ही में उन्होंने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा था कि भारत हमारे देश पर 100 प्रतिशत ऑटो टैरिफ लगाता है। हमारी सरकार भी भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाएगी।

टैरिफ को लेकर ट्रंप के दावे को भारत ने किया खारिज- ट्रंप ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया था कि नई दिल्ली ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि अमेरिकी उत्पादों के आयात पर टैक्स में कमी कर दी जाएगी। ट्रंप के इस दावे को भारत ने खारिज कर दिया है। वाणिज्य सचिव सुनील बरथवाल ने संसदीय पैनल को जानकारी दी भारत ने अमेरिका से ऐसी कोई भी प्रतिबद्धता नहीं जाहिर की है।

उन्होंने जानकारी दी कि टैरिफ में कटौती जैसा कोई वादा भारत ने नहीं किया है। टैरिफ को लेकर अभी भी दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है।

भारत मुफ्त व्यापार का पक्षधर- संसदीय समिति के सदस्यों ने जब ट्रंप की बात पर चिंता जाहिर की तो इस पर बरथवाल ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के दावों और मीडिया रिपोर्ट्स के आधार पर कुछ नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका के साथ समझौतों में भारतीय हितों का संरक्षण किया जाएगा। हमारा देश मुफ्त व्यापार का पक्षधर है और उदारता की नीति अपनाता है।

बता दें कि ट्रंप ने कनाडा और मेक्सिको के सामानों पर 25 फीसदी और चीन के सामानों पर 10 और 20 फीसदी टैरिफ लगाने का एलान किया है। हालांकि, ट्रंप ने टैरिफ लगाने की डेडलाइन को करीब एक महीने के लिए बढ़ा दिया है।

## साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में हादसा, बस पलटने से 12 लोगों की मौत और 45 घायल; मलबे में फंसे दो शव



नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीकी शहर जोहान्सबर्ग में एक राजमार्ग पर बस के पलट जाने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 45 लोग घायल हो गए। आपातकालीन सेवाओं ने इसको लेकर जानकारी दी है। शहर के एकुरहुलेनी आपातकालीन प्रबंधन के प्रवक्ता विलियम नथलाडी ने कहा कि आपातकालीन दल बस को वापस उसके पहियों पर चढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।

ताकि यह देखा जा सके कि क्या कोई और पीड़ित बस के नीचे फंसा हुआ है। दुर्घटना जोहान्सबर्ग के मुख्य ओ.आर. टैम्बो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक राजमार्ग पर हुई। अधिकारियों ने कहा कि बस राजमार्ग के किनारे पर अपनी तरफ से पलटी हुई थी।

हादसे में तीन महिलाएं भी शामिल - यह जोहान्सबर्ग के पूर्व में स्थित टाउनशिप या कैटलहोंग से लोगों को ले जा रही थी। दुर्घटना के समय नौ पुरुषों और तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि दो शव अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं।

अधिकारियों ने पीड़ितों की उम्र के बारे में तुरंत जानकारी नहीं दी। नथलाडी ने कहा कि वे अस्पताल में भर्ती लोगों को लगी चोटों की गंभीरता के बारे में भी जानकारी नहीं दे सकते।

लोगों को अस्पताल में कराया भर्ती- अस्पताल ले जाए गए लोगों में ड्राइवर भी शामिल था। दुर्घटना में कोई अन्य वाहन शामिल नहीं था और अधिकारी अभी तक इसका कारण पता नहीं लगा पाए हैं। पुलिस जांच कर रही है।

## टेस्ला के शेयर गिरे तो ट्रंप बोले- मैं खरीदूंगा मस्क की कंपनी की कार; कट्टरपंथी बॉयकॉट कर पहुंचाना चाहते हैं नुकसान



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टेस्ला इलेक्ट्रिक कार खरीदने वाले हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर इस बात की जानकारी दी।

सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने लिखा, एलन मस्क हमारे राष्ट्र की मदद करने के लिए अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं और वह एक शानदार काम कर रहे हैं! लेकिन कट्टरपंथी वामपंथी एलन मस्क की कंपनी टेस्ला का बायकॉट कर रहे हैं ताकि उन्हें नुकसान पहुंचाया जा सके। उन्होंने 2024 चुनाव में मुझे रोकने की कोशिश की, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। कुछ भी हो मैं कल सुबह एलन मस्क, एक सच्चे महान अमेरिकी के लिए विश्वास और समर्थन दिखाने के लिए एक नई टेस्ला खरीदने जा रहा हूं।

ट्रंप ने आगे सवाल पूछा कि अमेरिका को फिर से महान बनाने में मदद करने के लिए अपने जबरदस्त कौशल को काम में लगाने के लिए उन्हें (एलन मस्क) को दंडित क्यों किया जाना चाहिए।

ट्रंप ने दी है मस्क को बड़ी जिम्मेदारी- बता दें कि सरकारी एजेंसियों की फिजूलखर्ची पर लगाम लगाने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप ने डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी यानी छ्व्रत्नश्व की स्थापना की है। इसका मुखिया एलन मस्क को बनाया गया है। डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के अधिकारी ट्रंप सरकार को सलाह देते हैं कि कैसे सरकारी पैसों की फिजूलखर्ची पर रोक लगा सकती है।

# मिजोरम में 3 महिलाओं समेत 46 की मौत, एक साल में नशे ने ली सभी की जान



नई दिल्ली (एजेंसी)। मिजोरम में पिछले एक साल में नशे के सेवन से तीन महिलाओं समेत कुल 46 लोगों की मौत हुई है। यह जानकारी राज्य के आबकारी एवं मादक पदार्थ मंत्री लालनघिंगलोवा हमार ने विधानसभा में साझा की। मंत्री ने जानकारी दी कि राज्य में 1984 में हेरोइन के सेवन से पहली मौत हुई थी। अब तक 1884 लोगों की जान जा चुकी है। इसमें 230 महिलाएं भी शामिल हैं।

सैकड़ों किलो नशीला पदार्थ जब्त- मंत्री के मुताबिक अप्रैल 2024 से 31 जनवरी 2025 तक नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस अधिनियम के तहत विभिन्न एजेंसियों ने 34.15 किलोग्राम हेरोइन, 34.18 किलोग्राम मेथमफेटामाइन, 329.7 किलोग्राम गांजा, 1.31 किलोग्राम नाइट्राजेपाम और 152.5 किलोग्राम कफ सिरप समेत अन्य नशीली दवाओं को जब्त किया है।

म्यांमार से हेरोइन की हो रही तस्करी- मंत्री के मुताबिक पिछले एक साल में 458 लोगों के खिलाफ एनडीपीस अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार नागरिक समाज संगठनों के साथ मिलकर नशीली दवाओं की समस्या से निपटने की कोशिश में जुटी है। अधिकारियों के मुताबिक 2015 तक मिजोरम में सबसे अधिक मौतें स्पास्मो-प्रॉक्सीवॉन और पार्वोन स्पास से होती थी। बाद में पड़ोसी राज्यों और म्यांमार से नशे की तस्करी के बाद हेरोइन ने यह जगह ले ली।

2004 में हुई सबसे अधिक मौतें- साल 2000 में कुल 139 लोगों को नशे के कारण अपनी जान गंवानी पड़ी थी। नशे से सबसे अधिक मौतें 2004 में दर्ज की गईं। इस वर्ष 21 महिलाओं समेत कुल 143 लोगों की जान गई थी। 2015 से 2024 तक हेरोइन और अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से 92 महिलाओं समेत 564 की मौत हुई है।

## कबड्डी में दलित लड़के ने दी शिकस्त तो हो गई पिटाई, काट दी हाथ की उंगलियां



नई दिल्ली (एजेंसी)। तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले में एक दलित छात्र पर अज्ञात लोगों के एक गिरोह ने हमला किया और उसकी उंगलियां काट दीं। यह हमला तब हुआ जब वह परीक्षा देने जा रहा था। 11वीं कक्षा का छात्र और दिहाड़ी मजदूर थंगा गणेश का बेटा देवेंद्रन सोमवार की सुबह परीक्षा देने के लिए अपने घर से पलायमकोट्टई स्थित अपने स्कूल जा रहा था, तभी उस पर हमला हुआ। रास्ते में तीन लोगों ने कथित तौर पर एक क्रॉसिंग पर बस को रोक लिया, देवेंद्रन को बस से बाहर खींच लिया और उसके बाएं हाथ की उंगलियां काट दीं। गिरोह ने कथित तौर पर पिता थंगा गणेश पर भी हमला किया, जिससे उसके सिर सहित कई जगहों पर गंभीर चोटें आईं।

लड़के के पिता पर भी हुआ हमला- थंगा गणेश जिले के दक्षिणी हिस्से में स्थित अरियानायागपुरम गांव में ईंट भट्टे पर काम करता था। जब अन्य यात्री बीच-बचाव करने के लिए इकट्ठा हुए तो हमलावर गिरोह मौके से भाग गया। देवेंद्रन को श्रीवैकुंडम सरकारी अस्पताल ले जाया गया और फिर तिरुनेलवेली सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

## उपभोक्ता संगठन के सदस्यों को समय पर मिले सैलरी और सुविधाएं



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्य सरकारों को निर्देश दिया है कि वे राज्य और जिला उपभोक्ता निवारण निकायों के अध्यक्षों और सदस्यों के वेतन और भत्ते का भुगतान मौजूदा नियमों के अनुसार तुरंत करें। सुप्रीम कोर्ट ने इसको लेकर 2020 के फैसले पर भी संशोधन करने का आदेश दिया।

जस्टिस अभय एस ओका और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने केंद्र को उपभोक्ता संरक्षण (राज्य आयोग और जिला आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के वेतन, भत्ते और सेवा की शर्तें) मॉडल नियम, 2020 में संशोधन करने पर विचार करने का भी निर्देश दिया।

पीठ ने कहा, हम सभी राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देते हैं कि इस मामले में उठाए गए विभिन्न विवादों के प्रति पूर्वाग्रह के बिना, मौजूदा राज्य नियमों के अनुसार वेतन और भत्ते का भुगतान तुरंत किया जाएगा। अदालत ने कहा कि अगर भारत सरकार की ओर से संभावित संशोधन पर कोई फैसला नहीं लिया जाता है, तो वह संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत शक्ति का इस्तेमाल करने पर विचार करेगी। अदालत ने 5 मार्च के आदेश में कहा, यदि कुछ राज्य सरकारों की तरफ से इसका अनुपालन नहीं किया जाता है, तो संबंधित पक्ष विद्वान न्यायमित्र को इस आशय का एक नोट सौंपने के लिए स्वतंत्र हैं।

## अब जांच के घेरे में रान्या राव के IPS पिता, सरकार ने दिया जांच का आदेश; CID करेगी लापरवाही की जांच



नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक सरकार ने सोना तस्करी मामले में गिरफ्तार कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव के सौतेले पिता के खिलाफ जांच का आदेश दिया है। सरकार ने अतिरिक्त मुख्य सचिव गौरव गुप्ता को जांच की जिम्मेदारी सौंपी है।

रान्या राव के पिता रामचंद्र राव डीजीपी रैंक के अधिकारी हैं। वे मौजूदा समय में कर्नाटक राज्य पुलिस आवास और बुनियादी ढांचा विकास निगम के प्रबंध निदेशक हैं। अब सोना तस्करी मामले में उनकी भूमिका की जांच की जाएगी।

सीआईडी करेगी अधिकारियों की लापरवाही की जांच- कर्नाटक के मुख्यमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को बताया कि गौरव गुप्ता की नियुक्ति का आदेश सोमवार रात को जारी किया गया। सरकार ने बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पुलिस अधिकारियों की लापरवाही की भी जांच का आदेश दिया है। इस मामले की जांच सीआईडी करेगी। एक हफ्ते में सौंपनी होगी जांच रिपोर्ट

आदेश के मुताबिक एसीएस गौरव गुप्ता प्रोटोकॉल संबंधी सुविधाओं का लाभ उठाने और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रामचंद्र राव की भूमिका की जांच करेंगे। आदेश में तुरंत जांच शुरू करने का आदेश दिया गया है। एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट भी सौंपनी होगी। सरकार ने अपने आदेश में पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक (पुलिस बलों के प्रमुख) और कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के सचिव को सभी आवश्यक दस्तावेज और सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

रान्या ने किया प्रोटोकॉल का दुरुपयोग- आदेश में सरकार ने कहा कि अभिनेत्री रान्या राव को दुबई से सोने की छड़े लेकर आते समय बेंगलुरु एयरपोर्ट पर पकड़ा गया है। मीडिया में आई खबरों के मुताबिक अभिनेत्री ने अपने आईपीएस पिता रामचंद्र राव को दी गई प्रोटोकॉल सुविधाओं का दुरुपयोग किया है। जांच से बचने के खातिर उनके नाम और पते का इस्तेमाल किया है।

## मुझे माफ करें, मैं डायबिटिक हूं..., घर में मिला नोट; पलभर में खत्म हो गया हंसता खेलता परिवार



नई दिल्ली (एजेंसी)। हैदराबाद से एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। बता दें कि वहां एक ने अपने 13 और 10 साल के बच्चों की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। मरने से पहले उन्होंने तेलुगु में एक नोट लिखकर अपने रख दिया था। उन्होंने नोट में लिखा- मेरे पास अपनी जिंदगी खत्म करने के अलावा कोई ऑप्शन नहीं था, कृपया मुझे माफ करें।

तेलुगु में लिखे सुसाइड नोट में चंद्रशेखर रेड्डी ने आगे लिखा, मैं अपने करियर में संघर्ष कर रहा हूं और मानसिक और शारीरिक रूप से पीड़ित हूं। मैं डायबिटिक, तंत्रिका और गुर्दे से संबंधित समस्या से पीड़ित हूं।

2023 से था बेरोजगार- सूत्रों के मुताबिक, मृतकों की पहचान चंद्रशेखर रेड्डी (44), उनकी पत्नी कविता (35), बेटे विश्वन रेड्डी (10) और बेटी श्रीता रेड्डी (15) के रूप में हुई है। चंद्रशेखर रेड्डी 2023 से बेरोजगार होने के कारण आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे।

प्राइवेट कॉलेज में थे लेक्चरर- वहीं पुलिस ने इस मामले में बताया कि रेड्डी पहले एक निजी कॉलेज में जूनियर लेक्चरर के रूप में काम करते थे। अब, दुखद रूप से, बहुत कम या बिना पैसे और कोई उम्मीद के रेड्डी और कविता ने परेशान होकर ये कदम उठाया। उन्होंने पहले अपने बच्चों को मारा उसके बाद खुद की जान ले ली।

पुलिस के अनुसार, चंद्रशेखर रेड्डी और उनकी पत्नी कविता पर संदेह है कि उन्होंने पहले अपने बेटे और बेटी की गला घोंटकर हत्या की और फिर खुद भी फांसी लगा ली। श्रीता रेड्डी नौवीं कक्षा की छात्रा थी और विश्वन रेड्डी पांचवीं कक्षा में पढ़ता था।

## बंदूक की नोक पर मणिपुर में नहीं आ सकती शांति, गौरव गोगोई ने संसद में सरकार पर साधा निशाना; वित्त मंत्री ने दिया करारा जवाब



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार मणिपुर में बंदूक की नोक पर शांति लाने में विफल रही है और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राज्य का दौरा करने और लोगों की आशंकाओं और चिंताओं को सुनने का आग्रह किया है।

गौरव गोगोई ने अनुदानों, अतिरिक्त अनुदानों और मणिपुर बजट की अनुपूरक मांगों पर चर्चा की शुरुआत करते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि पूर्वोत्तर राज्य में बंदूक की नोक पर शांति बहाल नहीं की जा सकती और केवल राजनीतिक समाधान ही इसका रास्ता है।

लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गोगोई ने कहा कि मणिपुर के बजट पर राज्य विधानसभा में चर्चा होनी चाहिए थी, लेकिन राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने के औचित्य के बारे में सदन को अवगत कराना चाहिए।

गौरव गोगोई ने सवाल करते हुए कहा, राज्य में विधानसभा की स्थिति क्या है - क्या यह भंग है या निलंबित अवस्था में है। इसके बाद निशिकांत दुबे सहित भाजपा सदस्यों ने मणिपुर की स्थिति के बारे में गोगोई के व्यापक संदर्भ पर आपत्ति जताई और नियमों का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस नेता को अनुदान मांगों और राज्य के बजट पर ही अड़े रहना चाहिए।

गोगोई ने कहा, अगर आप मणिपुर में शांति चाहते हैं, तो मणिपुर के लोगों को बोलने दें। अगर आप मणिपुर में शांति चाहते हैं, तो मणिपुर के लोगों की बात सुनने के लिए धैर्य रखें। उनकी राजनीतिक आकांक्षाएं क्या हैं, उनकी आशंकाएं, डर क्या हैं? आपके पास इसे सुनने की ताकत होनी चाहिए।

कांग्रेस नेता ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने 2023 में मणिपुर का दौरा किया था और जल्द ही वापस आने का वादा किया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी गोगोई की टिप्पणी पर आपत्ति जताई, जिसमें उन्होंने महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा के दौरान सदन से प्रधानमंत्री की अनुपस्थिति का जिक्र किया था।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य



सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।

विक्रम संवत 2079 शुक्ल तृयोदशी


## संपादकीय

# हजारों वर्षों से सभी त्यौहारों को बड़े ही आत्मीयता, उत्साह सौहार्द से मनाने की प्रथा रही है...




वैश्विक स्तरपर त्योहारों के प्रतीक भारत में आदि अनादि काल, हजारों वर्षों से सभी त्यौहारों को बड़े ही आत्मीयता, उत्साह सौहार्द से मनाने की प्रथा रही है जो आज भी उसी लगन, उत्सव, आनंद से शुरू है।हर साल होली का त्योहार चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है. रंगों के त्योहार को होली के नाम से जाना जाता है. इस बार होली का त्योहार 14 मार्च, शुक्रवार को मनाया जाएगा. होली से एक दिन पहले होलिका दहन करने की परंपरा है यानी 13 मार्च को होलिका दहन होगा।

साथियों बात अगर हम 13- 14 मार्च 2025 दो दिवसीय होलीका पर्व उत्सव की करें तो हर भारतीय त्योहार की तरह होली मनाने का भी अपना एक कारण है जिसको जानना आधुनिक युवाओं के लिए ख़ास महत्वपूर्ण है। पौराणिक कथाओं के अनुसार प्राचीन काल में हिरण्यकश्यप नामक राक्षस राजा का पुत्र प्रहलाद, भगवान विष्णु का परम भक्त था जो उसके राक्षस पिता को पसंद नहीं था और भक्ति से विमुक्ति करने उसने अपनी बहन होलिका को यह जिम्मेदारी सौंपी, जिसे वरदान प्राप्त था कि अग्नि भी उसकी देह को जला नहीं सकती, इसलिए होलिका ने भगत प्रह्लाद को मारने उसे गोद में लेकर अग्नि में प्रवेश हो गई परंतु वह खुद जल गई पर भगत प्रल्हाद का बाल भी बांका नहीं हुआ दूसरी ओर रंग वाली होली पर्व उत्सव राधा-कृष्ण के पावन प्रेम के प्रतीक के रूप में भी मनाई जाती है। समय के बदलते परिपेक्ष में वर्तमान समय में मीडिया में इसे मनाने को लेकर अनेक पर्यावरणीय योग उपचार, स्वास्थ्य संबंधी वैज्ञानिक कारण भी बताए गए हैं। वर्तमान समय में परिस्थितियों बदल गई है, अभी 2025 की होली में रमजान के दूसरे सप्ताह में शुक्रवार के दिन होली भी मनाई जाए जा रही है इसीलिए शासन प्रशासन नागरिकों को विशेष ध्यान रखना होगा। होली के रंग में सराबोर हो आपसी सौहार्द, भाईचारा, प्रेम, सामाजिक समरस्ता का संकल्प लेना होगा शासन प्रशासन मुस्लिम कमेटीयों द्वारा भी प्रशासन द्वारा जारी की गई गाइडलाइन का पालन करने पर जोर दिया। यह कदम दोनों त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। रमजान उल मुबारक दूसरे जुमा की नमाज होली को देखते हुए कमेटी द्वारा गाइडलाइन जारी की गई है।

(1)- रमजान का पाक महीना चल रहा है। 14 मार्च को जुमा भी है और हमारे हम वतनी भाइयों का होली का त्योहार भी है। इस दिन हिंदू भाई रंग खेलेंगे। मुस्लिम बड़ी तादात में मस्जिदों की तरफ जुम्मे की नमाज अदा करने जाएंगे। ऐसे में अपने घर से करीब मस्जिदों में नमाज अदा करें। (2)- जिन रास्तों पर होली का रंग चल रहा हो,ऐसे रास्तों से न गुजरे। बल्कि दूसरे रास्तों का चयन करके मस्जिद पहुंचे। अपनी नमाज अदा करें और अपने घरों को आए। (3)- ये मिश्रित आबादी वाली मस्जिदों पर विशेष ख्याल रखा जाए। दो शिफ्ट में नमाज अदा करें। मस्जिद की जिम्मेदार कमेटी के लोग हालात के मद्देनजर टाइमिंग को सेट कर लें। ताकि नमाज भी मुकम्मल हो जाए और नमाजियों को मस्जिदों तक आने और जाने में किसी तरह की परेशानियां ना हों।(4)- सड़कों पर नमाज न अदा करें। बल्कि मस्जिदों के अंदर से सफ्वंदी करें। तादाद ज्यादा हो तो दो शिफ्ट में नमाज अदा करें।(5)- किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान ना दिया जाए। आपसी भाईचारा बनाए रखें। सद्भावना का संदेश देते हुए दोनों त्योहार को सकुशल संपन्न कराएं। धोखे से या गलती से रंग पड़ जाए तो बहस न करें। मानवता का संदेश देने वाले पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के किरदार को बहैसियते मुसलमान आम करें।(6)- रमजान मुबारक का बरकत वाला महीना चल रहा है ज्यादा से ज्यादा। इबादत में वक्त गुजरे गरीबों, बेव यत्तीम, बीमारो, पड़ोसियों की मदद करें इंसानियत का पैगाम दें। (7)- देश की तरक्की के लिए दुआ करें, मुल्क में अमन चैन कायम रहे। इसके लिए अपनी दुआओं में विशेष ख्याल रखें। इबादत का महीना है। आपकी तरफ से किसी को तकलीफ ना हो।

# पी. सी. वैद्य



प्रह्लाद चुन्नीलाल वैद्य भारत के उन गिने-चुने गणितज्ञों में से एक रहे, जिन्होंने गणित के क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण व दूरगामी योगदान दिया था। वह न सिर्फ एक मशहूर गणितज्ञ थे बल्कि एक शिक्षाविद भी थे। वे चाहते थे और प्रयास करते थे कि गणित बच्चों के लिए सुगम व रुचिकर बने। वे मानते थे कि गणित सिखाना शायद कठिन है, मगर गणित सीखना कठिन नहीं है क्योंकि गणित तो हमारी संस्कृति का अंग है।

परिचय- प्रहलाद चुन्नीलाल वैद्य का जन्म 23 मई, 1918 को गुजरात के जूनागढ़ जिले के शाहपुर में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा भावनगर में संपन्न हुई। गणित में विशेष रुचि होने के कारण उन्होंने बम्बई विश्वविद्यालय से अनुप्रयुक्त गणित में विशेषज्ञता के साथ एम.एस.सी. की डिग्री प्राप्त की। प्रह्लाद चुन्नीलाल वैद्य अपने समय के प्रसिद्ध भौतिकविद और शिक्षाविद विष्णु वासुदेव नार्लीकर से बहुत प्रभावित थे।

वैद्य सॉल्यूशन- उस दौर में विष्णु वासुदेव नार्लीकर के साथ कार्य करने वाले शोधार्थियों के समूह की पहचान सापेक्षता केन्द्र के रूप में विख्यात हो चुकी थी। प्रह्लाद चुन्नीलाल वैद्य भी उनके दिशा-निर्देश में इस क्षेत्र में शोधकार्य करना चाहते थे। इसलिए वह बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय गए। वहां उन्होंने विष्णु वासुदेव नार्लीकर के दिशा-निर्देशन में सापेक्षता सिद्धांत पर शोधकार्य शुरू कर दिया तथा 'वैद्य सॉल्यूशन' प्रस्तुत किया। इस सिद्धान्त की प्रासंगिकता को मान्यता साठ के दशक में मिली, जब खगोल-विज्ञानियों ने ऊर्जा के घने, मगर शक्तिशाली उत्सर्जकों की खोज की। जैसे ही सापेक्षतावादी खगोल भौतिकी को मान्यता मिली, वैसे ही 'वैद्य सॉल्यूशन' को सहज ही अपना स्थान हासिल हो गया और विज्ञान के क्षेत्र में प्रह्लाद चुन्नीलाल वैद्य को ख्याति मिली।

शिक्षाविद- प्रहलाद चुन्नीलाल वैद्य एक मशहूर गणितज्ञ होने के साथ ही एक शिक्षाविद भी थे। वह चाहते थे कि गणित बच्चों के लिए सुगम व रुचिकर बने। इसके लिए उन्होंने अनेक प्रयास किए। उनका मानना था कि गणित सिखाना शायद कठिन है, मगर गणित सीखना कठिन नहीं है क्योंकि यह हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। उन्होंने गुजराती तथा अंग्रेज़ी में विज्ञान और गणित की कई प्रसिद्ध पुस्तकों का लेखन किया, जैसे, 'अखिल ब्राह्मांडमैन', जिसका अर्थ है सम्पूर्ण ब्रह्मांड में, तथा 'व्हाट इज मॉडर्न मैथमेटिक्स'।

वर्ष 1947 तक प्रहलाद चुन्नीलाल वैद्य ने सूरत, राजकोट, मुम्बई आदि जगहों पर गणित के शिक्षक के रूप में कार्य किया। इस दौरान उन्होंने अपनी शिक्षा भी जारी रखी। वर्ष 1948 में उन्होंने बम्बई विश्वविद्यालय से अपनी पी.एच.डी. पूरी कर ली। अपना रिसर्च कार्य उन्होंने नव स्थापित टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान से किया। यहीं उनकी मुलाकात प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. होमी जहांगीर भाभा से हुई थी।

समर्पित शिक्षक- कुछ समय बाद मुम्बई छोड़कर प्रहलाद चुन्नीलाल वैद्य अपने गृह राज्य गुजरात लौट आए। वर्ष 1948 में उन्होंने बल्लभनगर के विट्ठल महाविद्यालय में कुछ समय तक शिक्षण कार्य किया। फिर वह गुजरात विश्वविद्यालय में गणित के प्रोफेसर नियुक्त हुए। वैद्य ने अपना पूरा जीवन एक समर्पित शिक्षक के रूप में बिताया। वह हमेशा खुद को एक गणित शिक्षक कहे जाने पर गर्वान्वित महसूस करते थे। प्रशासनिक प्रतिबद्धताओं के बावजूद वह विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए समय निकाल ही लेते थे।

उच्च पदों पर कार्य- वर्ष 1971 में उन्हें गुजरात लोकसेवा आयोग का सभापति नियुक्त किया गया। फिर वर्ष 1977-1978 के बीच वह केन्द्रीय लोकसेवा आयोग के भी सदस्य रहे। 1978-1980 के दौरान वह गुजरात विश्वविद्यालय के उपकुलपति रहे। वैद्य ने गुजरात गणितीय सोसायटी के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विक्रम साराभाई कम्यूनिटी साइंस सेंटर के विकास में भी उनका अहम योगदान था। इंडियन एसोसिएशन फॉर जनरल रिलेटिविटी ऐंड ग्रेविटेशन (आईएजीआरजी) की स्थापना में भी वैद्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। वर्ष 1969 में स्थापित इस संस्था के संस्थापक अध्यक्ष सर विष्णु वासुदेव नार्लीकर थे।

प्रहलाद चुन्नीलाल वैद्य को स्वतंत्रता के बाद भारत में गांधीवादी दर्शन के अनुयायी के रूप में जाना जाता है। प्रहलाद चुन्नीलाल वैद्य गांधीजी के विचारों से प्रेरित होकर आजादी के आन्दोलन में भी शामिल रहे। उन्होंने गांधीवादी विचारों को अपनाते हुए खादी का कुर्ता और टोपी को धारण किया। उपकुलपति के पद पर रहते हुए भी सरकारी कार का उपयोग करने से मना कर दिया और विश्वविद्यालय आने-जाने के लिए साइकिल का ही उपयोग करते रहे।

मृत्यु- 12 मार्च, 2010 को 91 वर्ष की आयु में प्रहलाद चुन्नीलाल वैद्य का निधन हो गया। प्रहलाद चुन्नीलाल वैद्य के योगदान को देखते हुए विज्ञान संचार के लिए समर्पित संस्था विज्ञान प्रसार द्वारा उन पर एक वृत्तचित्र का भी निर्माण किया गया है।



# दुबई में क्यों सस्ता है गोल्ड, कितना सोना लाने पर नहीं देना शुल्क



नई दिल्ली (एजेंसी)। इन दिनों कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव का गोल्ड स्मगलिंग का मामला काफी चर्चा में है। रान्या तकरीबन 14.2 किलोग्राम सोने की तस्करी करते हुए बेंगलुरु एयरपोर्ट पर पकड़ी गई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, रान्या हर 15 दिनों के भीतर दुबई का चक्कर लगाती रहती थी। रान्या अभिनेत्री होने के साथ-साथ एक सीनियर आईपीएस ऑफिसर की बेटी भी हैं। यह दुबई से सोने की तस्करी का कोई पहला मामला नहीं है।

इससे पहले भी दुबई से चोरी-छिपे सोना लाने के कई मामले आ चुके हैं। आइए जानते हैं कि दुबई से इतना ज्यादा सोने की स्मगलिंग की क्यों होती है।

दुबई से गोल्ड स्मगलिंग ज्यादा होने की वजह है, वहां सोने का सस्ता होना। दुबई में सोना की कीमत कम होने की कई वजहें हैं। अगर आप दुबई से सोना खरीदते हैं, तो आपको काफी कम कीमत पर सोना मिल जाएगा। इसकी वजह है कि दुबई में सोना खरीदने पर कोई टैक्स नहीं लगता। इसकी वजह से लोगों को दुबई में काफी कम दाम पर सोना मिल जाता है। वहां सोने की खरीदारी पर कोई भी इंपोर्ट ड्यूटी यानी आयात शुल्क नहीं देना पड़ता।

इसका तीसरा कारण, दुबई में सोने बेचने वालों की आधिक मात्रा है. दुबई में सोना बेचने वालों की संख्या काफी आधिक है। यही वजह है कि आपको यहां सोना काफी कम कीमत पर मिल जाता है। इसके अलावा अगर आप दुबई का इतिहास भी देखें तो, यह जगह अपने बेहतरीन सोने की क्वालिटी के लिए काफी प्रसिद्ध है।

पुरुष यात्री दुबई से कम से कम 20 ग्राम सोना बिना किसी कस्टम ड्यूटी के ला सकते हैं। इसकी कीमत 50 हजार रुपये तक होनी चाहिए. वहीं महिलाओं को 40 ग्राम सोना तक लाने की अनुमति है। इसकी कीमत 1 लाख रुपये से आधिक ना हो। 15 साल से कम उम्र के बच्चों को भी 40 ग्राम सोना लाने की छूट है, लेकिन रिलेशनशिप प्रमाणित करना जरूरी होगा। भारत में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने सोना लाने पर शुल्क निर्धारित कर रखा है। अगर आप शुल्क चुका देते हैं, तो फिर चाहे जितना गोल्ड खरीदकर ला सकते हैं।

## यूरोप के इस नए प्लान से चमक सकती है डिफेंस कंपनियों की किस्मत



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत की डिफेंस कंपनियों की किस्मत करवट लेने वाली है। इसकी उम्मीद इसलिए बढ़ चुकी है क्योंकि यूरोपियन कमिशन ने बढ़ते खतरे को देखते हुए रिआर्म यूरोप प्लान का ऐलान किया है। डिफेंस सेक्टर पर नजर रखने वाले एक्सपर्ट्स के अनुसार यूरोपियन डिफेंस के खर्च के बढ़ने का फायदा भारतीय डिफेंस कंपनियों को मिलेगा। खासकर भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड जैसी कंपनियों को। दूसरी तरफ देश की सरकार भी डिफेंस सेक्टर पर खूब मेहरबान है। वहीं प्राइवेट सेक्टर भी अपनी क्षमताओं के विस्तार में लगा है। ऐसे में डिफेंस कंपनियों के शेयरों में तेजी की संभावना को नकारा नहीं जा सकता है। ईटी नाउ की रिपोर्ट के अनुसार Envision Capital के सीईओ और एमडी निलेश शाह के अनुसार डिफेंस कंपनियों के ऑर्डर बुक में गिरावट आई है। लेकिन इस वित्त वर्ष के अंत या फिर अगले के शुरुआत में एक बार फिर से डिफेंस कंपनियों के ऑर्डर बुक में तेजी देखने को मिल सकती है। आने वाले समय में एयरोस्पेस और स्पेस टेक्नोलॉजी सेक्टर की कंपनियों को ग्लोबल और घरेलू मार्केट में अच्छा रिस्पॉन्स मिल सकता है। वो आगे कहते हैं कि इंफ्रास्ट्रक्चर में थोड़ी सी देरी है। ऐसे में निवेश 2 से 3 साल को ध्यान में रखकर ही फैसला करें। शॉर्ट टर्म में उठा-पटक देखने को मिल सकती है।

## सोलर सेक्टर की कंपनी को JV में 740 करोड़ रुपये का काम, आपका दांव है क्या?



नई दिल्ली (एजेंसी)। सोलर एनर्जी सेक्टर में काम करने वाली कंपनी वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने मंगलवार को एक बड़ी जानकारी साझा की है। कंपनी ने बताया है कि 3 सदस्यों की कंसोर्टियम को 125 MWAC के सोलर पावर प्रोजेक्ट के लिए इंजीनियरिंग, प्रोक्योरेंट और कंस्ट्रक्शन का काम मिला है।

कंपनी ने एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया है कि सभी टैक्स मिलाकर इस प्रोजेक्ट की कुल कीमत 740.06 करोड़ रुपये है। इसमें ऑपरेशन और मेंटेनेंस सर्विसेज भी शामिल है। यह ऑर्डर दिग्गज पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की तरफ से मिला है। बता दें, इस प्रोजेक्ट को कॉन्ट्रैक्ट साइन करने से 18 महीने के अंदर पूरा करना होगा।

पिछले साल वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजी को 2012.47 MWp DC सोलर पीवी प्रोजेक्ट की टर्म शीट मिली थी। इस ऑर्डर की कुल वैल्यू 1233.50 करोड़ रुपये थी। इसमें कंपनी को डेवलमेंट के साथ उस प्रोजेक्ट अमल में भी लाना था।

मंगलवार को कंपनी के शेयर 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के बाद मार्केट के क्लोजिंग के समय पर 802.85 रुपये के लेवल पर बंद था। पिछले एक साल से कंपनी के शेयर लगातार स्टॉक मार्केट में संघर्ष कर रहे हैं। इस दौरान वारी रिन्यूएबल एनर्जी के शेयरों का भाव 48 प्रतिशत गिरा है। कंपनी का 52 वीक हाई 3037.75 रुपये है। और 52 वीक लो लेवल 759 रुपये है।

जनवरी के महीने में वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजी के शेयर एक्स-डिविडेंड ट्रेड किए थे। तब कंपनी ने योग्य निवेशकों को एक शेयर पर एक रुपये का डिविडेंड दिया था। बीते साल यानी 2024 के मार्च में कंपनी एक्स-स्प्लिट ट्रेड की थी।

## 100000 के पार जाएगा सेंसेक्स, शेयर बाजार की शुरू होने वाली है बुल रन?



नई दिल्ली (एजेंसी)। दुनिया भर के शेयर बाजार बीते कुछ समय से कठिनाइयों के दौर से गुजर रहे हैं। भारत का घरेलू स्टॉक मार्केट भी इससे अछूता नहीं रहा है। वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव और डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ प्लान ने दुनिया भर के स्टॉक मार्केट को अनिश्चितताओं के दौर में डाल दिया है। लेकिन अब घरेलू शेयर बाजारों की किस्मत करवट लेने जा रही है। बिजनेस स्ट्रैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार ब्रोकरेज फर्म Morgan Stanley से जुड़े एक्सपर्ट का मानना है कि दिसंबर 2025 तक सेंसेक्स 1,05,000 के स्तर को पाने में सफल रहेगा। जोकि मौजूदा स्तर से 41 प्रतिशत अधिक है।

रिपोर्ट के अनुसार एक्सपर्ट का माननना है कि रिस्क - रिवार्ड फैक्टर भारत के शेयर मार्केट के पक्ष में रहेगा। ऐसे में सेंसेक्स इस साल के अंततक 93000 तक पहुंच सकता है। जोकि मौजूदा सेंसेक्स के स्तर से 25 प्रतिशत से अधिक है। वहीं, अगर बाजार में मंदड़ियों की स्थिति मजबूत रही तो सेंसेक्स 70,000 के स्तर तक दिसंबर के अंत में आ सकता है।

देशाई डिफेंसिव, स्मॉलकैप, मिडकैप और लार्जकैप स्टॉक के प्रदर्शन को लेकर बुलिश हैं। दूसरी तरफ एक्सपर्ट ने फाइनेंशियल, कंज्यूमर केंद्रित स्टॉक्स, इंडस्ट्रीयल और टेक्नोलॉजी सेक्टर को ओवरवेट रेटिंग दिया है।

## सेबी ने सख्त किए SME IPO के नियम, अब नहीं होगा निवेशकों के हितों से खिलवाड़



नई दिल्ली (एजेंसी)। कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी ने लघु एवं मध्यम उद्यमों के आईपीओ से जुड़े नियमों को कड़ा कर दिया है। नए नियमों के तहत प्रमोटर अब ऑफर फॉर सेल के तहत कुल आईपीओ का 20% से अधिक हिस्सा नहीं बेच पाएंगे। इसके अलावा, विक्रेता शेयरधारकों को अपनी मौजूदा हिस्सेदारी के 50त्न से अधिक बिक्री की अनुमति नहीं होगी।

आईपीओ के लिए मुनाफे की शर्त अनिवार्य- अब एसएमई को आईपीओ लाने के लिए पिछले तीन वित्त वर्षों में से कम से कम दो वर्षों तक न्यूनतम 1 करोड़ का संचालन लाभ दिखाना अनिवार्य होगा। यह नियम उन कंपनियों को हतोत्साहित करेगा जो बिना स्थिर लाभ के बाजार से पूंजी जुटाना चाहती हैं।

सेबी ने SME IPO में गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए आवंटन पद्धति को मुख्य बाजार के अनुरूप बनाने का फैसला किया है। इससे निवेशकों को अधिक पारदर्शिता और समान अवसर मिलेगा।

सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्य के लिए सीमा तय- सेबी ने एसएमई आईपीओ से जुटाई गई राशि में से सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्य के लिए अधिकतम 15% या 10 करोड़ (जो भी कम हो) की सीमा तय की है। इससे IPO के फंड का दुरुपयोग रोकने में मदद मिलेगी।

SME IPO में डीआरएचपी की प्रक्रिया हुई पारदर्शी- अब SME IPO में ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस को 21 दिन तक सार्वजनिक टिप्पणियों के लिए उपलब्ध रखा जाएगा। साथ ही, DRHP तक आसान पहुंच के लिए समाचार पत्रों में घोषणाएं प्रकाशित करने और त्तक्र कोड शामिल करने की जरूरत होगी।

आईपीओ फंड से प्रमोटरों का कर्ज चुकाना मना- सेबी ने स्पष्ट कर दिया है कि एसएमई आईपीओ से जुटाए गए फंड का इस्तेमाल प्रमोटर, प्रमोटर समूह या संबंधित पक्षों के कर्ज चुकाने में नहीं किया जा सकेगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि कंपनियां ढ्ढक्कह्र से प्राप्त पूंजी का सही उपयोग करें।

न्यूनतम आवेदन आकार बढ़ा, निवेशकों को मिलेगा सुरक्षा कवच- अब एसएमई आईपीओ के लिए न्यूनतम आवेदन आकार को बढ़ाकर दो लॉट कर दिया गया है। इससे छोटे निवेशक बिना पर्याप्त रिसर्च किए केवल शेयर की बढ़ती कीमतों को देखकर जल्दबाजी में निवेश नहीं करेंगे।

कॉरपोरेट अनुपालन विशेषज्ञ मकरंद एम. जोशी के अनुसार, सेबी का यह कदम एसएमई आईपीओ से जुड़ी अटकलों को कम करेगा और छोटे निवेशकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

## 2 बोनस शेयर बांटने जा रही कंपनी, एक साल में 592% उछल गए हैं शेयर



नई दिल्ली (एजेंसी)। टेक्सटाइल इंडस्ट्री से जुड़ी कंपनी पदम कॉटन यार्न्स अपने इनवेस्टर्स को बड़ा तोहफा दे रही है। कंपनी अपने शेयरहोल्डर्स को 2ञ्3 के रेशियो में बोनस शेयर बांटने जा रही है। यानी, पदम कॉटन यार्न्स हर 3 शेयर पर 2 बोनस शेयर देगी। कंपनी ने बोनस शेयर की रिकॉर्ड डेट 18 मार्च 2025 फिक्स की है।

पदम कॉटन यार्न्स दनादन दूसरी बार बोनस शेयर देने जा रही है। कंपनी के शेयर इस साल जनवरी में भी एक्स-बोनस पर ट्रेड कर रहे थे। पदम कॉटन यार्न्स के शेयरों में एक साल में 592 पर्सेंट का उछाल आया है।

पदम कॉटन यार्न्स के शेयर पिछले एक साल में 592 पर्सेंट उछल गए हैं। टेक्सटाइल कंपनी के शेयर 14 मार्च 2024 को 22.98 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 11 मार्च 2025 को 159.10 रुपये पर बंद हुए हैं। पिछले छह महीने में पदम कॉटन यार्न्स के शेयरों में करीब 263 पर्सेंट की तेजी आई है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# 100 से अधिक जनसंख्या वाली ग्रामीण बसाहटों को शहरी सड़कों से जोड़ेगी सरकार



भोपाल। प्रदेश की सौ से अधिक जनसंख्या वाली ग्रामीण बसाहटों को राज्य सरकार शहरी सड़कों से जोड़ेगी। इसके लिए केंद्र एवं राज्य प्रवर्तित विभिन्न योजनाओं जैसे पीएम ग्राम सड़क योजना, पीएम जनमन योजना, सीएम ग्राम सड़क योजना, सुदूर ग्राम सड़क संपर्क योजना आदि के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में पात्रतानुसार 500, 250 एवं 100 से अधिक जनसंख्या की बसाहटों में सड़क संपर्कता प्रदान की जा रही है। ऐसी ग्रामों की बसाहटें जो बारहमासी सड़कों से कनेक्टेड नहीं हैं, उनका चिह्नांकन का कार्य एमपी इलेक्ट्रानिक विकास निगम ने सेटेलाइट मैप से किया है और अब इनका भौतिक सत्यापन मैदानी स्तर पर किया जाना है।पंचायत स्तर पर सत्यापन के बाद जिला स्तर पर होगा मंजूर

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव दीपाली रस्तोगी ने सभी जिला पंचायतों के सीईओ को निर्देश जारी कर कहा है कि वे संपर्कता सर्वे मोबाइल एप के माध्यम से ऐसी ग्रामीण बसाहटों का भौतिक सत्यापन कराएं।

जिसमें पंचायत स्तर पर ग्राम रोजगार सहायक, सचिव को लगाया जाए जो संपर्कता सर्वे मोबाइल एप पर भौतिक सत्यापन रजिस्टर करें।

जिला स्तर पर मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के महाप्रबंधक एप में रजिस्टर भौतिक सत्यापन को एप्रूव(मंजूर) करेंगे एवं दैनिक प्रगति से जिला पंचायत सीईओ को अवगत कराएंगे।

## इंदौर-बैतूल हाईवे के धन तालाब घाट पर खराब ट्राले ने 16 घंटे रोका रास्ता, लग गई 6-7 किमी लंबी वाहनों की कतार



देवास। इंदौर-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर देवास जिले में स्थित धन तालाब घाट पर सोमवार शाम एक बड़े ट्राले के खराब हो जाने के कारण जाम लग गया जो मंगलवार सुबह करीब 11 बजे खुल पाया। जाम लगने के कारण करीब 16 घंटे तक लगातार आवागमन बाधित रहा। जाम में चार हजार से अधिक वाहन फंसे रहे। धन तालाब घाट से बिजवाड़ तक वाहनों की करीब 6 किलोमीटर तक की लंबी कतार लग गई थी। वहीं दूसरी ओर घाट सेक्शन से लेकर कमलापुर फाटे तक तकरीबन सात किमी लंबी कतार लगी रही।पहली बार देखा इतना लंबा जाम प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इतनी लंबी कतार जाम के कारण लगने की स्थिति पहली बार बनी है। बिजवाड़ पुलिस सहायता केंद्र के प्रभारी अजय सिंह डोड, दिलीप बेडवाल ने व्यवस्था संभालकर मशक्कत के बाद खराब वाहन को हटवाया। इसके बाद मंगलवार को सुबह ग्यारह बजे आवागमन सुचारु हो पाया। इस जाम में भूसे के ओवरलोड वाहनों के कारण दिक्कतें आईं। भूसे से लदे सैकड़ों वाहनों ने दूसरे वाहनों को नहीं निकलने दिया, क्योंकि ये भूसे के वाहन सिंगल रोड को पूरा घेर लेते हैं। लंबी दूरी की बसों व कई अन्य वाहनों ने बदला रूट जाम के कारण सैकड़ों वाहन एवं लंबी दूरी की बसें मार्ग बदलकर चापड़ा से कांटाफोड़ होते हुए कन्नौद, खातेगांव की ओर निकलीं। वहीं कुछ वाहन आष्टा होते हुए देवास से इंदौर पहुंचे। जाम की हालत इतनी खराब थी कि मोटर साइकिल वाले भी घाट तक नहीं पहुंच पाए। जाम लगने के कारण पेट्रोल पंपों पर सोमवार शाम से ही वाहन खड़े हो गए थे जो जाम खुलने के बाद मंगलवार को रवाना हुए। बिजवाड़ पुलिस सहायता केंद्र पर बल की कमी के कारण एक बार फिर से दिक्कत आई, दो लोगों ने ही व्यवस्था संभाली।

## मध्य प्रदेश के 700 हायर सेकंडरी स्कूलों में शुरू होगी व्यावसायिक शिक्षा, केंद्र सरकार को भेजा प्रस्ताव

भोपाल। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत व्यावसायिक शिक्षा को अनिवार्य किया जा रहा है। नए सत्र से प्रदेश के 700 हायर सेकंडरी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा शुरू की जाएगी।

स्कूल शिक्षा विभाग ने नए शैक्षणिक सत्र में 700 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नए ट्रेड में रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा है। यह ट्रेड 21वीं सदी के नवीन कौशल उन्नयन पर आधारित है।प्रचार-प्रसार के निर्देश जारी वर्तमान में 2,383 स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रम चल रहे हैं। इन्हें मिलाकर प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा देने वाले स्कूलों की संख्या तीन हजार से अधिक हो जाएगी।

इन पाठ्यक्रमों में कृषि, डेयरी विकास, कंस्ट्रक्शन ट्रेड के तहत मेशन सहायक, कंस्ट्रक्शन पेंटर और फैशन डिजाइनिंग के तहत असिस्टेंट डिजाइनर, फैशन डिजाइनर, हाउसकीपिंग, ऑफिस एडमिनिस्ट्रेशन एंड मैनेजमेंट पढ़ाया जाएगा।

इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने जिला शिक्षा अधिकारियों को प्रदेश में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के संबंध में प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं।नौवीं व 12वीं में ये पाठ्यक्रम संचालित वर्तमान में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में नौवीं व 10वीं में डाटा एंट्री ऑपरेटर, जूनियर फील्ड टेक्नीशियन, असिस्टेंट ब्यूटी थेरेपिस्ट, रिटेल स्टोर, ऑपरेशन असिस्टेंट, प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड, फूड एंड बेवरेज, सर्विस असिस्टेंट, माइक्रो फाइनेंस एग्जीक्यूटिव, असिस्टेंट प्लंबर, सिलाई मशीन ऑपरेटर, फोर व्हीलर सर्विस असिस्टेंट, इलेक्ट्रॉनिक सर्विस असिस्टेंट और फिजिकल एजुकेशन जैसे विषय शामिल हैं। वहीं, 11वीं व 12वीं में जूनियर साफ्टवेयर डेवलपर, सोलर पैनल टेक्नीशियन, ड्रोन सर्विस टेक्नीशियन, सीसीटीवी व फुटेज ऑपरेटर, फ्लोरीकल्चर, सेल्फ एम्प्लॉयड टेलर प्रमुख हैं। प्रदेश में वर्तमान में 2,383 स्कूलों में चार लाख से अधिक विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है। इसके लिए 4700 से अधिक शिक्षकों को विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गई है।

## मध्य प्रदेश में तेजी से गर्म हो रहा मौसम का मिजाज गुजरात से सटे इलाकों में होने लगा लू का अहसास



भोपाल। मध्य प्रदेश के मौसम का मिजाज तेजी से गर्म हो रहा है। खासतौर पर गुजरात से लगे इलाकों में तो भीषण गर्मी पड़ना शुरू हो गई। सोमवार को सबसे अधिक दिन का तापमान धार और रतलाम में 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

वहीं शिवपुरी और उज्जैन में 37 डिग्री सेल्सियस और खरगोन व गुना में तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रहा। इससे भी अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। हालांकि पूर्वी इलाकों में दिन में भीषण गर्मी पड़ने लगी हैं, लेकिन वहां अभी रात के न्यूनतम तापमान में वृद्धि नहीं हुई है।अधिकतम और न्यूनतम तापमान बढ़े

मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि सोमवार को प्रदेश के सभी जिलों में अधिकतम व न्यूनतम दोनों तापमान बढ़े हैं। भोपाल और इंदौर का अधिकतम तापमान 35 डिग्री तक पहुंच गया है।

प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में दक्षिण पूर्वी हवाएं आ रही हैं, वहीं पूर्वी इलाकों में उत्तर पूर्वी हवाएं आ रही हैं। हालांकि ईरान के आसपास ऊपरी हवा में एक पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है।इसका असर देश के उत्तरी इलाकों पर दिखा, लेकिन प्रदेश में इसका कोई अधिक प्रभाव नहीं होगा। प्रदेश में अगले चौबीस घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा और तापमान में मामूली बढोतरी हो सकती है।

इंदौर-रात में सामान्य से छह डिग्री अधिक रहा तापमान, पारा 21 डिग्री पार पहुंचा

पूर्वी-दक्षिण पूर्वी दिशा से आने वाली हवाओं ने मौसम का पूरी तरह मिजाज बदल दिया है। मार्च दूसरे सप्ताह से ही रात में गर्मी महसूस होना शुरू हो गई है। पारा 21 डिग्री के पार हो गया है। यह सामान्य से छह डिग्री अधिक है। ऐसा ही हाल दिन में भी देखने को मिल रहा है। जहां अधिकतम तापमान 35 डिग्री तक पहुंच चुका है।

मौसम विभाग के मुताबिक, रविवार से सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ का असर अगले पांच दिनों बाद नजर आएगा। मार्च की शुरुआत होते ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। बीते पांच दिनों के भीतर अधिकतम तापमान पांच और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री बढ़ गया है।गर्म हवाओं के कारण दिन के साथ-साथ रात का तापमान बढ़ रहा है। सोमवार को अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री तक पहुंच गया है, जो सामान्य से छह डिग्री अधिक रहा। हवा की रफ्तार 12 किमी प्रति घंटा रहा।

आसमान साफ होने से दृश्यता छह हजार मीटर तक रही। मौसम विभाग के मुताबिक हवा की दिशा अब पूर्वी-दक्षिण पूर्वी हो गई है। इससे गर्मी और बढ़ गई है।

## 'बेटियां अपनी मां के साथ हैं, तो अवैध हिरासत नहीं'... पति-पत्नी के विवाद में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का आदेश

जबलपुर। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने कहा कि बेटियां अपनी मां के साथ हैं, तो अवैध हिरासत नहीं मानी जा सकती। कोर्ट ने इस टिप्पणी के साथ पिता की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका निरस्त कर दी।

कोर्ट ने साफ किया कि यह प्रकरण अवैध हिरासत का नहीं, बल्कि वैवाहिक विवाद का है। राजधानी भोपाल अंतर्गत नवीन नगर निवासी लोकेश पटेल ने आरोप लगाया था कि ससुराल पक्ष से रूपेश चौरसिया सहित अन्य ने पत्नी नेहा पटेल व दो नाबालिग बेटियों को बंधक बना लिया है। लिहाजा, मुक्त कराया जाए।हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान भोपाल पुलिस को दोनों नाबालिग बेटियों को पेश करने के निर्देश दिए थे। पुलिस ने दोनों नाबालिग बेटियों को उनकी मां के साथ न्यायालय में पेश किया।

पत्नी नेहा ने हाई कोर्ट को बताया कि कुछ व्यक्तिगत मुद्दों के कारण वह याचिकाकर्ता पति के साथ रहने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने खुद ही दोनों बेटियों के साथ पति का घर छोड़ दिया है। वह अपने पति के घर नहीं जाना चाहती हैं।

हाई कोर्ट ने अनावेदक पत्नी के जवाब को रिकॉर्ड में लेते हुए अपने आदेश में कहा कि यह अवैध हिरासत का नहीं, बल्कि वैवाहिक विवाद का मामला है। याचिकाकर्ता को वैवाहिक मुद्दों के लिए कानून के अनुसार उचित कार्यवाही की स्वतंत्रता है।भाजपा विधायक के विरुद्ध चुनाव याचिका निरस्तएक अन्य मामले में हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने रीवा के गुढ़ से भाजपा विधायक नागेंद्र सिंह के निर्वाचन को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका निरस्त कर दी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता भ्रष्ट आचरण का आरोप साबित करने में नाकाम रहा है। याचिकाकर्ता ने ऐसा कोई तथ्य पेश नहीं किया जिससे ये सिद्ध हो सके कि भाजपा प्रत्याशी ने मतदाताओं को रिझाने भ्रष्ट आचरण का सहारा लिया।




# समय सीमा में राजस्व प्रकरण निराकृत नहीं करने वाले 9 तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों के विरूद्ध कार्रवाई- लगाई गई पेनल्टी

## सभी एसडीएम को अपने अधीनस्थ अमले पर नियंत्रण रखने और इनके कार्यों की सतत् मॉनिटरिंग के दिये गए निर्देश

इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिए हैं कि इंदौर जिले में नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के प्रकरण समय सीमा में सहजता के साथ निराकृत किये जाए। प्रकरणों के निराकरण में जीरो टॉलरेंस रखी जाये। किसी भी आवेदक को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। कलेक्टर श्री सिंह ने समय सीमा में राजस्व प्रकरण निराकृत नहीं करने पर 9 तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों के ?विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 44 प्रकरणों में प्रति प्रकरण के मान से 250 रुपये की पेनल्टी लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लगाई है। साथ ही सभी एसडीएम को निर्देशित किया है कि वे अपने अधीनस्थ अमले पर नियंत्रण रखे और उनके कार्यों की सतत् मॉनिटरिंग की जाये।



कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में आज यहां समय सीमा के पत्रों की निराकरण (टीएल) की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल, स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री दिव्यांक सिंह, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार, अपर कलेक्टर श्री रोशन राय, श्री राजेंद्र रघुवंशी तथा श्रीमती निशा डामोर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि राजस्व प्रकरणों के समय सीमा में निराकरण को प्राथमिकता दी जाए। यह सुनिश्चित करें कि हर प्रकरण समय सीमा में निराकृत हो। समय सीमा में प्रकरण निराकृत नहीं होने पर अधीनस्थ अमलों के लिए वे स्वयं भी जिम्मेदार रहेंगे। उन्होंने भिक्षावृत्ति के विरुद्ध चल रहे अभियान की भी समीक्षा की। कहा कि भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान को गति देकर निरन्तर चलाते रहे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरण में तेजी लाई जाए।

प्रभावी एवं सकारात्मक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। समय सीमा का विशेष ध्यान रखें। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में लापरवाही तथा उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम राईज स्कूल भवन निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने अन्य अन्तर्विभागीय समन्वय संबंधी मुद्दों पर भी चर्चा की।

आरसीएमएस में दर्ज राजस्व प्रकरणों के समय सीमा में निराकृत नहीं होने पर जिन तहसीलदारों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है उनमें तहसीलदार कनाड़िया, खुड़ेल, बिचौली हप्सी, हातोद, अपर तहसीलदार जूनी इंदौर, नायब तहसीलदार खुड़ेल, देपालपुर, हातोद तथा गौतमपुरा शामिल है।

## शिवायू ट्रूपर्स ने रोमांचक जीत के साथ जीती साईकृपा प्रीमियम लीग ट्रॉफी



इंदौर। राधिका पैलेस ग्राउंड पर साईकृपा क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित साईकृपा प्रीमियम लीग के रोमांचक फाइनल मैच में शिवायू ट्रूपर्स ने महादेव इलेवन को अंतिम ओवर में केवल केवल एक विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। महादेव इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 197 रनों का लक्ष्य दिया, जिसे शिवायू ट्रूपर्स ने जबरदस्त संघर्ष के बाद अंतिम ओवर में हासिल कर लिया। मैच का रोमांच आखिरी क्षणों तक बना रहा, जहां शिवायू ट्रूपर्स ने अपनी सूझबूझ और जुझारू खेल से खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता टीम के खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा शील्ड प्रदान किया गया, वहीं टूर्नामेंट में विभिन्न टीमों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को भी ट्रॉफी प्रदान किये गए। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि सुरेश शर्मा ने विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।पुरस्कार वितरण समारोह के विशेष अतिथि राजेश तोमर, के के झा, अमित त्रिवेदी, दुष्यंत शर्मा, दीपेश गुप्ता, अमिताभ मालवीय, प्रमोद शर्मा और रमेश पाटिल ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। साईकृपा प्रीमियम लीग टूर्नामेंट की आयोजन समिति के सदस्य श्वेतांक वैद्य, विपिन रघुवंशी, पंकज वैद्य, दीपेश बरडेजा, विजू थॉमस, विशाल चतुर्वेदी, आलोक शाह, रवि नायडू और दिनेश कुमावत ने टूर्नामेंट में पधारे सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## चिन्हित दवाइयों का विक्रय केवल रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर के लिखित प्रिस्क्रिप्शन पर ही होगा

इंदौर। आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम/जनसामान्य के स्वास्थ्य हित/जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने हेतु पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह ने इन्दौर नगर (मेट्रोपोलिटन) की सीमा में चिन्हित दवाइयों का विक्रय केवल रजिस्टर्ड मेडिकल प्रेक्टिशनर के लिखित प्रिस्क्रिप्शन पर ही करने के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश के अनुसार समस्त नाईट्राजेपाम टेबलेट्स (समस्त नाईट्रावेट टेबलेट्स), समस्त क्लोनेजेपाम टेबलेट्स, समस्त डायजेपाम टेबलेट्स,समस्त ऑक्साजीपाम टेबलेट्स,समस्त इटिजोलाम टेबलेटस,समस्त एल्प्राजोलम टेबलेटस, समस्त कोडीन फास्फेट सिरप/टेबलेटस, क्लोजापाम टेबलेटस (फीजीयम टेबलेट आदि) का विक्रय केवल रजिस्टर्ड मेडिकल प्रेक्टिशनर के लिखित प्रिस्क्रिप्शन पर ही किया जायेगा। गर्भपात/गर्भसमापन संबंधित औषधियां जैसे Ru486, Mifepristone एवं Misoprostal व उसके ग्रुप श्रेणी की दवाओं (गोली, इंजेक्शन, जेल) का विक्रय केवल रजिस्टर्ड मेडिकल प्रेक्टिशनर के लिखित प्रिस्क्रिप्शन पर ही किया जायेगा एवं लिखित प्रिस्किप्शन की छायाप्रति संबंधित मेडिकल स्टोर द्वारा रखी जायेगी।

# सोपा का सरकार से आग्रह– भारतीय खाद्य तेल उद्योग की सुरक्षा को प्राथमिकता दें

इंदौर। सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सोपा) ने केंद्र सरकार से अपील की है कि भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता के दौरान देश के सोयाबीन और खाद्य तेल क्षेत्र के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। सोपा चेयरमेन डॉ डेविश जैन ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को भेजे अपने पत्र में चेतावनी दी है कि यदि सोयाबीन, सोयाबीन तेल और सोयाबीन मील पर आयात शुल्क में कटौती की गई या अमेरिका से रियायती आयात को अनुमति दी गई, तो इससे 1 करोड़ भारतीय सोयाबीन किसानों की आजीविका पर गंभीर संकट आ सकता है। साथ ही, इससे खाद्य तेलों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के भारत के प्रयासों को भी गहरा झटका लग सकता है।

10 मार्च 2025 को भेजे पत्र में सोपा ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि सोयाबीन और इससे संबंधित उत्पादों पर मौजूदा आयात शुल्क बरकरार रखा जाए। संगठन ने आगाह किया कि शुल्क में कमी होने पर सस्ते आयात का भारी प्रवाह होगा, जिससे घरेलू सोयाबीन उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

सोपा ने अपने पत्र में यह भी रेखांकित किया कि भारत अपनी खाद्य तेल आवश्यकताओं का 60 प्रतिशत से अधिक आयात के जरिए पूरा करता है। ऐसे में अमेरिका से रियायती आयात की अनुमति देने से %नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल्स (ऑयलसीड्स)% के उद्देश्यों को गंभीर नुकसान हो सकता है।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में नवाचार को बढ़ावा देने और देश में प्रोटीन की कमी को दूर करने के लिए, डॉ जैन ने सरकार को सुझाव दिया है कि सोया प्रोटीन आइसोलेट्स और कंसंट्रेट्स जैसे मूल्य-वर्धित सोया उत्पादों के लिए रियायती शुल्क व्यवस्था पर विचार किया जाए।

# किरायेदारों, कर्मचारियों, मजदूरों, यात्रियों, हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों की जानकारी निर्धारित प्रारूप में पुलिस को देना अनिवार्य

इंदौर। इंदौर शहर में कानून व्यवस्था को कायम रखने/जन सामान्य के हित/जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने हेतु किरायेदारों, घरेलू कामगारों, कर्मचारियों, हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों, पेइंग गेस्ट आदि की जानकारी संबंधित थाने पर दिया जाना अनिवार्य किया गया है। इस संबंध में पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं।

जारी आदेश के अनुसार किरायेदारों की सूचना संबंधित मकान/दुकान मालिक द्वारा संबंधित थाने पर विहित प्रारूप में दी जाना होगी। इसके पूर्व मकान/दुकान किराये से नहीं दी जाये। साथ ही आई.डी.प्रूफ आवश्यक रूप से लिया जाये। घरेलू कामगारों एवं व्यावसायिक कर्मचारियों की सूचना भी संबंधित मालिक द्वारा थाने पर विहित प्रारूप में देना होगी। उनसे भी आई.डी.प्रूफ आवश्यक रूप से लेना होगा।

छात्रावासों में रह रहे छात्र एवं छात्राओं की सूचना विहित प्रारूप में संबंधित थाने को दी जाना होगी। साथ ही आई.डी.प्रूफ आवश्यक रूप से लिया जाना होगा। होटल, लॉज, धर्मशाला में रुकने वाले व्यक्तियों से पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लेना होगा। ठहरने वाले व्यक्तियों की सूची विहित प्रारूप में प्रतिदिन थाने पर देना होगी।

इसी तरह आदेश में कहा गया है कि भवन निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्यों में लगे मजदूरों/कारीगरों की सूचना ठेकेदार द्वारा विहित प्रारूप में थाने पर देने के उपरांत ही उन्हें काम पर रखा जाए।

साथ ही आई.डी. प्रूफ आवश्यक रूप से लिया जाये, इसके अतिरिक्त पुलिस द्वारा अतिथि पोर्टल प्रारम्भ किया गया है, इस पोर्टल पर भी रूकने वालों की जानकारी अवश्य दर्ज की जाये।

पेइंग गेस्ट की सूचना संबंधित मकान मालिक द्वारा विहित प्रारूप में थाने पर दी जाये। इसके उपरांत ही पेइंग गेस्ट रखा जायें। साथ ही आई.डी.प्रूफ आवश्यक रूप से लिया जाये।

ऐसे व्यक्तियों की सूचना जो 15 दिवस से अधिक समय तक निवास कर रहे हो, तत्काल थाने पर विहित प्रारूप में दी जाये। साथ ही आई.डी.प्रूफ आवश्यक रूप से लिया जाये।

ऑनलाईन शॉपिंग/होम डिलेवरी/ कोरियर का कार्य करने वाली कंपनियों के व्यक्ति जो घर-घर जाकर पार्सल वितरित करते हैं, की जानकारी विहित प्रारूप में थाने पर दी जाये, साथ ही उनसे आई.डी.प्रूफ आवश्यक रूप से लिया जाये। स्पा सेंटर, मसाज सेंटर, ब्यूटी पार्लर पर कार्य करने वाले व्यक्तियों की जानकारी विहित प्रारूप में थाने पर दी जाये, साथ ही आई.डी. प्रूफ आवश्यक रूप से लिया जाये।

# भिक्षावृत्ति रोकने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

इंदौर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह ने इन्दौर जिले में भिक्षावृत्ति की रोकथाम एवं इस सामाजिक बुराई के समूल निवारण के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया हैं। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री आशीष सिंह की पहल पर इंदौर जिले को शीघ्र ही भिक्षावृत्ति मुक्त जिला बनाया जाएगा।

कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में किसी भी प्रकार की भिक्षावृत्ति को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। भिक्षुओं को भिक्षा स्वरूप कुछ भी देना या उनसे किसी भी प्रकार के सामान को खरीदना भी प्रतिबंधित किया गया है। जो व्यक्ति भिक्षुओं को भिक्षा स्वरूप कोई भी सामान/वस्तु प्रदान करता है या देता है या इनसे कोई सामान खरीदता हैं तो उसके विरूद्ध भी इस आदेश के उल्लंघन पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश 10 मार्च से लागू हो गया है, जो आगामी 8 मई तक प्रभावशील रहेगा। इस प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति/संस्था/आयोजक के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। उल्लेखनीय है कि गत जनवरी माह में भी इस तरह का प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया था, जो फरवरी माह तक प्रभावशील रहा। इस आदेश के प्रभावी परिणाम को देखते हुए इसे और आगे बढ़ाया गया है।

सूचना देने वाले को मिलेगी प्रोत्साहन राशि- यदि कहीं कोई व्यक्ति भिक्षावृत्ति करता पाया जाता है, तो उसकी सूचना कोई भी व्यक्ति महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी श्री दिनेश मिश्रा के (मोबाईल नंबर- 9691494951) पर दे सकते है।

# सांप्रदायिक तनाव और समुदायों के बीच वैमनस्य उत्पन्न करने वाले किसी भी आयोजन और गतिविधियों को करने पर प्रतिबंध

## भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

इंदौर। पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर इंदौर नगरीय सीमा में सांप्रदायिक तनाव और समुदायों के बीच में उत्पन्न करने वाले किसी भी आयोजन और अन्य गतिविधियों को करने पर प्रतिबंध लगाया है। आदेश का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडनीय कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश आगामी 6 मई 2025 तक लागू रहेगा। जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार इन्दौर नगरीय सीमा के अन्दर किसी भी समुदाय के व्यक्ति द्वारा दूसरे समुदाय की भावनाओं के विपरीत ऐसा कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जायेगा, जिससे शांति भंग होने की आशंका हो और न ही दूसरे समुदाय के धार्मिक भावनाओं के विरुद्ध किसी प्रकार का उत्तेजनात्मक भाषण दिया जायेगा और न ही सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचना एवं अफवाहें फैलाई जायेगी। कोई भी व्यक्ति किसी खुले स्थान पर अथवा मकानों की छतों पर ईंट, पत्थर, सोडावाटर की बोतल या अन्य कांच की बोतल, ज्वलनशील पदार्थ अथवा कोई विस्फोटक सामग्री जमा नहीं करेगा और न रखेगा।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृगधरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकर !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# होली पर महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालु किसी भी प्रकार का रंग-गुलाल लेकर प्रवेश नही कर सकेगें

## श्रद्धालुओ को जाँच उपरान्त ही मंदिर में प्रवेश दिया जावेगा

उज्जैन । श्री महाकालेश्वर मंदिर में परम्परा अनुसार होने वाले होलिका महोत्सव एवं रंगपंचमी पर्व के संबंध में सायं 05 बजे कार्यालय कलेक्टर के सभागृह कोठीरोड उज्जैन में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में 13 मार्च , 14 मार्च 2025 एवं 19 मार्च 2025 को परम्परा अनुसार होने वाले होलिका महोत्सव एवं रंगपंचमी पर्व कें संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गए।

होलिका महोत्सव मे गर्भगृह, नंदी मण्डपं, गणेश मण्डपं, कार्तिकेय मण्डपम् एवं सम्पूर्ण मंदिर परिसर में किसी भी प्रकार का रंग-गुलाल इत्यादि ले जाना, रंग-गुलाल उड़ाया जाना, आपस में रंग-गुलाल लगाना, किसी विशेष उपकरण का उपयोग कर रंग इत्यादि उड़ाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।



श्री महाकालेश्वर मंदिर में आने वाले श्रद्धालु मंदिर में किसी भी प्रकार का रंग-गुलाल व अन्य कोई विशेष उपकरण लेकर प्रवेश नही कर सकेगें। श्रद्धालुओ को जाँच उपरान्त ही मंदिर में प्रवेश दिया जावेगा।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के कंट्रोल रूम में कर्तव्यरत अधिकारी व कर्मचारी द्वारा कैमरों के माध्यम से मंदिर के समस्त द्वारों एवं सम्पूर्ण मंदिर परिसर परिक्षेत्र की सतत निगरानी रखी जावेगी।

श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी, पुरोहित, प्रतिनिधि, अधिकारी, पुलिसकर्मी, कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी, सफाई कर्मचारी, सेवक मंदिर परिसर स्थित अन्य छोटे-बडे मंदिर के पुजारी, सेवक व अन्य आउटसोर्स कर्मचारी आदि मंदिर परिसर में किसी भी प्रकार का रंग-गुलाल लेकर प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

समस्त द्वारों पर तैनात कर्मचारी एवं सुरक्षाकर्मी यह सुनिश्चित करेंगे कि मंदिर में रंग-गुलाल लेकर कोई भी प्रवेश न कर सके इस हेतु श्रद्धालुओं की जाँच करने के उपरांत ही मंदिर में प्रवेश दिया जावेगा।

श्री महाकालेश्वर मंदिर में होलिका पर्व 13 मार्च व 14 मार्च 2025 के उपलक्ष्य पर परम्परा के सम्यक निर्वहन हेतु भगवान श्री महाकालेश्वर जी को होने वाली त्रिकाल आरती में सीमित मात्रा में प्रतिकात्मक रूप से हर्बल गुलाल भगवान श्री महाकालेश्वर जी को अर्पण किया जावेगा।

इसी प्रकार 19 मार्च 2025 रंगपंचमी के उपलक्ष्य पर परम्परा के सम्यक निर्वहन हेतु भस्मार्ती में 01 लोटा केसर युक्त जल एवं संध्या आरती में केसर का रंग प्रतिकात्मक रूप से भगवान श्री महाकालेश्वर जी को अर्पण किया जावेगा। 13-14 एवं 19 मार्च 2025 को हर्बल गुलाल, केसर युक्त जल एवं केसर का रंग मंदिर प्रबंध समिति की कोठार शाखा द्वारा भस्मार्ती पुजारी एवं शासकीय पुजारी को उपलब्ध कराया जावेगा।

# ट्रेक्टर पर सवारी कर जीतू पटवारी ने दिया संदेश, कांग्रेस हमेशा किसानों के साथ खड़ी है

## ऋतुराज सिंह चौहान ने किया मप्र कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, सह प्रभारी संजय दत्त का अभिनंदन

उज्जैन। मप्र कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी के प्रथम नगर आगमन पर एवं साथ में मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, सह प्रभारी संजय दत्त के उज्जैन आगमन पर गदापुलिया चौराहा हरि फाटक ब्रिज के पास कु ऋतुराज सिंह चौहान अध्यक्ष कार्य. जिला कॉंग्रेस कमेटी उज्जैन ग्रामीण मित्र मंडली द्वारा स्वागत अभिनंदन किया।



इस अवसर पर मप्र कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ऋतुराज सिंह चौहान के निवेदन पर उज्जैन में हुए किसानो पर लाठी चार्ज के विरोध मे किसानो का प्रतीक ट्रैक्टर पर चल कर संदेश दिया कि कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ हमेशा खड़ी है। इस अवसर पर कॉंग्रेस पार्टी के नेता महेश सुगंधी, मधुसूदन भारद्वाज, रहीम लाला, माजिद लाला, अर्पित दुबे, गंगेश जाट, गोपाल आँजना, तरुण आचार्य, राकेश ठाकुर, जगदीश धाकड़, केशव शर्मा, अर्जुन सिंह पंवार, यशपाल सिंह, कुलदीप सिंह, भीम सिंह, दौलत पटेल, महेंद्र सिंह पंवार, संचित शर्मा, अर्पण राठौर सहित कई साथी उपस्थित थे।

# उज्जैन क्रेडाई के अध्यक्ष चुने गये महेश परयानी



उज्जैन। कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया क्रेडाई के उज्जैन चैप्टर की बैठक मंगलवार 11 मार्च को हुई।

बैठक में मुख्य अतिथि इंदौर क्रेडाई के अतुल झंवर, भरत जैन सचिव म.प्र (क्रेडाई) की उपस्थिति में सर्वसहमति से महेश परयानी को उज्जैन क्रेडाई का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में उज्जैन रियल एस्टेट एवं हाउसिंग सेक्टर के मुद्दों पर चर्चा की गयी।

# अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज से किसान संघर्ष समिति ने बैठक कर चर्चा की, ज्ञापन सोपा

उज्जैन। प्रयागराज महाकुंभ के बाद उज्जैन पधारे अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्रपुरी महाराज से किसान संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने निरंजनी अखाड़ा बड़नगर रोड पहुंचकर प्रयागराज महाकुंभ समापन और उसके सफलता पर रवींद्र पुरी महाराज का भव्य अभिनंदन किया। साथ ही मध्यप्रदेश सरकार, विकास प्राधिकरण उज्जैन, सिंहस्थ जिला एवं संभाग प्रशासन के द्वारा आगामी सिंहस्थ को लेकर लैंड पूलिंग योजना के संदर्भ में विस्तार से चर्चा कर अपना विरोध व्यक्त किया।



किसान संघर्ष समिति ने अपना लिखित ज्ञापन भी रवींद्र पुरी महाराज को सोंपा तथा रवींद्र पुरी महाराज से सरकार द्वारा लाई जा रही इस योजना में हस्तक्षेप कर किसानों का संरक्षण करने की मांग की। महाराजश्री ने सभी किसानों से लगभग 2 घंटे तक वन टू वन चर्चा कर इस संबंध में कोई बीच का मार्ग निकालने की बात किसानों से कही जिसमें किसानों का भी नुकसान ना हो और आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा भी प्रशासन कर सके। इस अवसर पर किसानों के प्रतिनिधि के रूप में पूर्व विधायक महंत राजेंद्र भारती, पूर्व बार अध्यक्ष पं. सुरेंद्र चतुर्वेदी, भाजपा नेता सुरेंद्र सांखला, मानाजी राव आंग्रे, गोविंद शर्मा दादा, तोलाराम पटेल, रामेश्वर पटेल, आशुतोष उपाध्याय, ललित मीणा, वीरेंद्र त्रिवेदी, प्रमोद भदोरिया, माखन सिंह अंजना, जीवनसिंह पटेल, बृजेश पाल, नीलेंद्र जोशी, शंकर परमार, राजेंद्र राठौड़, संजय मदनपुरिया, पवन गौड, रत्नेश परमार, अमृतेश त्रिवेदी, रमेश द्विवेदी आदि बड़ी संख्या में किसानजन उपस्थित रहे। किसान संगठन समिति की 12 मार्च को प्रातः 10 बजे गायत्री मंदिर मुरलीपुरा पर पुनः बड़ी बैठक होगी जिसमें आगामी कार्य योजना तैयार की जावेगी। इस बैठक में सभी किसान प्रतिनिधियों ने सभी प्रभावित किसानों से उपस्थित होने का आव्हान किया है।

# समस्याओं के समाधान के लिए आशा कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

## धरने पर गाए भजन, किया मातृशक्ति पुलिसकर्मियों का सम्मान



उज्जैन। आशा कर्मचारियों को ईपीएफओ एवं ईएसआईसी के अंतर्गत लाया जाए। आशा कार्यकर्ताओं को सामाजिक सुरक्षा के तहत रू. 18,000 प्रतिमाह न्यूनतम वेतन प्रदान किया जाए एवं उन्हें सरकारी कर्मचारी घोषित कर पेंशन और बीमा का लाभ दिया जाए। कार्य के दौरान दुर्घटना अथवा मृत्यु होने पर पाँच लाख रूपये मुआवजा दिये जाने की मांग सहित 9 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन आशा एवं सहयोगिनी कार्यकर्ता महासंघ के बैनर तले प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया।

महासंघ की प्रदेश महामंत्री सुमन पटेल ने बताया कि उज्जैन जिले में कार्यरत आशा कर्मियों (आशा कार्यकर्ता, सुपरवाईजर) द्वारा दी जाने वाली सेवाओं तथा उसके एवज में प्राप्त होने वाले अल्प प्रोत्साहन तथा मान धन सहित अनेक न्यायोचित मांगों पर ध्यान आकर्षण करने हेतु कलेक्टर कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन के दौरान भजन गाए वहीं प्रदर्शन के दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी मातृशक्तियों का सम्मान भी किया गया।

सुमन पटेल ने कहा कि 11 सितंबर 2018 को प्रधानमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से आशा वर्कर्स से वार्तालाप करते हुए, आशा वर्कर्स के प्रोत्साहन को दोगुना करने का एलान किया था। किंतु तदाशय के सम्बंध में जब सम्बंधित मंत्रालय से पत्र प्राप्त हुआ तो उसमें केवल रुटीन एण्ड रिकरिंग प्रकृति के अन्तर्गत संचालित पांच प्रकार की गतिविधियों, कार्यों हेतु मिलने वाला प्रोत्साहन राशि रू. 1000 को बढ़ाकर रू. 2000 कर दिया गया। शेष गतिविधियों / कार्यों हेतु वर्तमान में निर्धारित प्रोत्साहन की राशि दर को यथावत रखा गया है इसमें किसी भी प्रकार की कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। इसके कारण पूरे देश में कार्यरत आशा वर्कर्स कर्मचारियों में हताशा व्याप्त है। आशाएं अपने-आपको ठगा सा महसूस कर रही हैं।

**आशाकर्मियों की सेवा के बाद मृत्युदर में कमी आई-** सुमन पटेल ने बताया कि जब से आशा वर्कर्स, कर्मचारियों ने देश में कार्य करना प्रारंभ किया है जच्चा-बच्चा की मृत्यु दर लगातार कम हो रही है। उपरोक्त कार्यों के साथ-साथ अन्य प्रकार के कार्य जो भारत की समस्त राज्य सरकारें हम आशा कर्मियों से संचालित करवाती हैं यह समस्त कार्य भी महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, सामाजिक कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों से सम्बंधित है। यह वही कार्य हैं जो भारत के राज्यों में राज्य सरकारी कर्मचारी भी करते हैं। इसलिए आशा कार्यकर्ता आशा सहयोगिनी को मानधन के स्थान पर राज्य कर्मचारी की तर्ज पर न्यूनतम वेतन का भुगतान किया जाए।

# गोविन्द देव गिरि पहुँचे अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम



उज्जैन। अंकित ग्राम', सेवाधाम आश्रम में परम पूज्य स्वामी श्री गोविन्द देव गिरिजी कोषाध्यक्ष श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास, अयोध्या एवं न्यासी श्रीकृष्ण जन्म भूमि पहंचे। आश्रम के मुख्य द्वार पर संस्थापक सुधीर भाई गोयल, श्रीमती कांता भाभी, मोनिका दीदी, गोरी दीदी सहित आश्रम के विशेष बच्चों ने स्वागत सत्कार कर दुपट्टा, मालवी पगड़ी एवं पुष्पों से स्वागत किया। सर्वप्रथम सदुरू स्वाध्याय मंदिर में स्वामी रणछोड़दासजी महाराज के चित्र के समक्ष विकास दीप प्रज्वलित कर अंकित द्वारा स्थापित सिद्ध ऋषि पीपल पर जलार्चन कर गौ सेवा की। इस अवसर पर सुधीर भाई ने आश्रम की विविध सेवा गतिविधियों एवंयहां निवासरत 1100 से अधिक पारिवारिक सदस्य बच्चों, युवाओं एवं बुजुर्गों के बारे में जानकारी प्रदत्त करते हुए दिव्यांगों से आत्मीय मुलाकात कराई।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com